केन्द्रीय बीज परीक्षण प्रयोगशाला में कृषि संकाय के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण

दिनांक : 23 अक्टूबर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय के तृतीय वर्ष के छात्रों ने वाराणसी स्थित कृषि क्षेत्र के राष्ट्रीय महत्व के चार प्रमुख संस्थानों, भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान व राष्ट्रीय बीज अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।

छात्रों ने आई.आई.वी.आर. में शाकीय फसलों के अनुवांशिक सुधार, उत्पादन, सुरक्षा व प्रबंधन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की व शोध की बारीकियों को समझा।

इरी में विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था का रीढ़ बताते हुए कहा कि वर्तमान में विश्व की 60 प्रतिशत धान को किस्में इरी द्वारा विकसित की गई हैं।

विद्यार्थियों ने इरी में उन्नत प्रयोगशालाएं, अत्याधुनिक फॉर्म मशीनरी, कम्प्यूट्रीकृत जीव विज्ञान प्रयोगशालाएं सहित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का अवलोकन किया व उनके संचालन के विधि को समझा।

विद्यार्थियों ने एन.एस.आर.टी.सी. में बीज स्वास्थ्य परीक्षण, डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, बीज संग्रहालय इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

यह शैक्षणिक भ्रमण अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. विमल कुमार दुबे के निर्देशन में डॉ. नवनीत कुमार सिंह, डॉ. सास्वती प्रेमकुमारी, डॉ. डी.आर. भारद्वाज (आईआईवीआर), डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव (इरी), डॉ. कृति (इरी), डॉ. राहुल (इरी) के सहयोग से सम्पन्न हुआ।